राम नाम तू गाये जा | By Deepak Kaushik

राम नाम जो गायेगा
बैठा मौज उड़ाएगा
इस नाम की ये पहचान है
बनता हर बिगड़ा काम है

हनुमान ने राम नाम गाया
सात समंदर पार वो कर पाया
सीता माँ की खोज खबर लाया
राम नाम से लंका जला आया
भजते हैं राम जपते हैं राम
भजते हैं राम जपते हैं राम
इस नाम की ये पहचान है
बनता हर बिगड़ा काम है
राम नाम जो गायेगा
बैठा मौज उड़ाएगा

माँ शबरी ने राम के गुण गाये
नंगे पैरो राम दौड़े आये
माँ कहकर ह्रदय से लगाए
गुरुदेव के वचन सिद्ध पाए
भजते हैं राम जपते हैं राम
भजते हैं राम जपते हैं राम
इस नाम को जो भी गायेगा
ये नाम ही पार लगाएगा
राम नाम जो गायेगा
बैठा मौज उड़ाएगा

जिसने भी श्री राम नाम गाया
राम प्रभु को साथ में है पाया
दीपक जब भी दर तेरे आया
बिन बोले सब कुछ तुमसे पाया
भजते हैं राम जपते हैं राम
भजते हैं राम जपते हैं राम
इस नाम को जो भी गायेगा
ये नाम ही पार लगाएगा
राम नाम जो गायेगा
बैठा मौज उड़ाएगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-deepak-kaushik/